केन्द्रीय आयुध डिपो, कानपुर को कपट-पूर्ण एवं बेईमान तरीके से कम्बाट डिफेक्टिव यूनिफार्मस की सप्लाई की।

केन्द्रीय जांच ब्यूरो इस मामले में बम्बई के जनरल स्टोर निरीक्षणालय के कुछ कर्मचारियों के शामिल होने के बारे में छानबीन कर रहा है। इस मामले की अभी केन्द्रीय जांच ब्यूरो छानबीन कर रहा है।

**रूटाइल सैंड का आयात**

3924. **श्री रशीद मसूद : क्या प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में रूटाइल सैंड का आयात करने का निर्णय किया है;

(ख) क्या यह सच है कि देश में रूटाइल सैंड की उत्पादन क्षमता, उसकी मांग से अधिक है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्योरा क्या है; और

(घ) इसकी उत्पादन क्षमता मांग से अधिक होने के बावजूद सरकार द्वारा इसके आयात किये जाने के क्या कारण हैं?

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा महासागर विकास, परमाणु ऊर्जा, इलैक्ट्रानिकी और अंतरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री (श्री के० आर० नारायणन)** : (क) जी हां।

(ख) इंडियन रेअर अर्थस् के उड़ीसा रेत उद्योग समूह के पूरी क्षमता प्राप्त कर लेने पर भारत में रूटाइल की उत्पादन क्षमता उसकी मांग की तुलना में ज्यादा हो जाएगी?

(ग) और (घ) 1987-88 में देश में रूटाइल की उत्पादन क्षमता लगभग 11,000 मीटरी टन होगी। इसकी तुलना में इस वर्ष रूटाइल की अनुमानित मांग 13,000 मीटरी टन रहेगी। तथापि, आशा है कि 1989-90 तक उड़ीसा रेट उद्योग समूह अपनी 90 प्रतिशत क्षमता का उपयोग करने लगेगा जिससे और 9,000 मीटरी टन प्राकृतिक रुटाइल का उत्पादन होगा और इससे देश में रूटाइल की मांग की पूर्ति पूरी तरह हो सकेगी।

**CSIR Report on Import of Technology**

3925. PROF. B. RAMACHANDRA RAO:

SHRI G. SWAMY NAIK:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether a recent study by the CSIR has revealed indiscriminate import of foreign technology into the country;

(b) what are the routes and procedures followed for the import of technology at present;

(c) whether any rules and voting procedures are followed by the various Committees, such as Technical Evaluation Committee (TEC), Foreign Investment Board (FIB) and Project Approval Board (PAB);

(d) whether drawings and designs can be imported by the relevant administrative ministry, without any reference to foreign Investment Board (FIB);

(e) whether import of capital goods is allowed against REP licences; and

(f) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF OCEAN DEVELOPMENT ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS AND SPACE (SHRI K. R. NARAYANAN): (a) No, Sir, no such study has been conducted by the CSIR